हम उस श्याम धनि के फैन

जिनकी किरपा रहती हर पल,
आठों पेहर दिन रेन हम उस श्याम धनि के फैन,
जिनकी किरपा रहती हर पल,

दीवाना कर देता उसको जिसको दर पे भुलाता है,
दीन दुखी हारे का बाबा हर पल साथ निभाता है ,
बिन दर्शन इनके भक्तो को आता नहीं है चैन,
हम उस श्याम धनि के फैन ......

कलयुग का ये देव निराला महिमा जग में है भारी,
किस्मत से ज्यादा है देता कहलाता लखदातारी,
गेरो को भी अपना बना ले मना के नैन से नैन,
हम उस श्याम धनि के फैन ......

संकट आने से पहले बाबा मेरा आ जाता है,
पंकज भगतो का परचम इस दुनिया में लहराता है,
देख दुखी अपने बच्चों को हो जाता बेचैन,
हम उस श्याम धनि के फैन ......

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/10473/title/hum-us-shyam-dhani-ke-fan-jinki-kirpa-rehti-har-pal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |